## अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन 2024 के लिए मतदान शांतिपूर्ण और निर्विघ्न संपन्न

# मतदान के प्रति मतदाताओं में देखा गया उत्साह, 78.71 रहा मतदान का प्रतिशत







हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

छिन्दवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन 2024 के लिए मतदान बुधवार को निर्विघ्न और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ । मतदान के दौरान लोगों ने निर्भीकता और निष्पक्षता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया । मतदान के प्रति मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया तथा मतदाताओं ने प्रातः 7 बजे से ही मतदान करना प्रारंभ कर दिया था। कई मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें भी देखी गई। विधानसभा के 78.71 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा के रिटर्निंग अधिकारी श्री हेमकरण धुर्वे ने मतदान केन्द्र क्रमांक-322 में मतदान किया। साथ ही अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं इस बार चुनाव त्रिकोणीय रहा। मतदान प्रतिशत के दृष्टिकोण से स्पष्ट हुआ कि मतदान के प्रति शासन द्वारा जो जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे थे वे काफी हद तक सफल रहे।

### युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति रहा उत्साह

अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत युवा एवं नवीन मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। विधानसभा क्षेत्र 123-अमरवाड़ा की फर्स्ट टाइम युवा वोटर सुश्री समीक्षा अहिरवार ने पहली बार मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागिता के लिये प्रसन्नता व्यक्त की और अपने युवा साथियों से भी बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की । इसके साथ ही युवा मतदाता सुश्री दीपशिखा विश्वकर्मा व आदर्श भारती ने मतदान कर गर्व महसूस किया और अन्य मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

### वयोवृद्ध मतदाताओं ने भी मतदान केन्द्र जाकर किया मतदान

अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक मतदान केन्द्र में जाकर मतदान करने के प्रति अपने जज्बे को नहीं रोक सके और उन्होंने लोकतंत्र के पर्व में सहभागिता करते हुये स्वयं ही मतदान केन्द्र जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 74 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता श्रीमती नन्नी बाई डेहरिया, 69 वर्षीय होलूराम वर्मा, 65 वर्षीय श्री बृजभान उईके, श्रीमती गुड्डी बाई और श्रीमती राम कुमारी बाई ने मतदान केंद्र क्रमांक-123 शासकीय सीनियर बेसिक शाला अमरवाड़ा, वार्ड नंबर-9 अमरवाड़ा के कृषक श्री संतोष शिवहरे ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय अमरवाड़ा में पहुंचकर उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग किया।

### दिव्यांग और थर्ड जेंडर मतदाताओं ने किया मतदान

अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गतदिव्यांग और थर्ड जेंडर मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान किया। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 2 अन्य कैटेगरी के मतदाता हैं, जिन्होंने अपने मताधिकार का शत- प्रतिशत उपयोग किया।

## अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ संपन्न, सिंगोड़ी के चार बूथों में हुआ मतदान



**सिंगोड़ी :** अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आज उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ इस अवसर पर अमरवाड़ा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ बारिश को देखते सम्पूर्ण व्यवस्था की गई। प्रातः 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ जो कि शाम 6 बजे तक शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस उपचुनाव में सिंगोड़ी ग्राम में चार बूथ बनाए गए जिसमे दो बूथ शासकीय बालक माध्यमिक शाला में और दो बूथ हायर सेकंडरी स्कूल में बनाए गए थे। बूथ क्रमांक 220 माध्यमिक शाला सिंगोड़ी में 70.72% मतदान हुआ जिसमे पुरुष मतदाता ने कुल 304 मतदान किए एवं महिला मतदाता ने कुल 312 वोट किए। तो वही बालक माध्यमिक शाला सिंगोड़ी के बूथ क्रमांक 221में महिला मतदाता ने 368 वोट किए तो वही पुरुष मतदाता ने 410 वोट किए कुल मिलाकर 778 वोटिंग हुई जिसका कुल प्रतिशत 72.4% रहा। इसी के चलते हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगोड़ी में बूथ क्रमांक 222 में पुरुष मतदाता ने 374 वोट किए तो वही महिला मतदाता ने 292 वोट करे कुल 666 मतदाताओं ने मतदान किया जिसका प्रतिशत 71% रहा।हायर सेकंडरी स्कूल सिंगोड़ी के बूथ क्रमांक 223 में पुरुष मतदाताओं ने 436 वोट किए तो वही महिला मतदाता ने 434 वोट किये कुल मिलाकर 870 वोटिंग हुई जिसका प्रतिशत 72% रहा। और उपचुनाव संपन्न हुआ सभी प्रत्यासियो की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद हो चुकी है अब 13 जुलाई को प्रत्यासियों की किस्मत का फैशला होगा।






## विकास के लिए चिल्लाते रहे नांदिया के मतदाता, नहीं किया मतदान

ग्राम नांदिया के ग्रामीणों ने बुधवार को गांव में विकास कार्य नहीं होने के कारण अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बाद भी मतदान नहीं किया। इसके बाद पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश यादव ने ग्रामीणों की बात सांसद विवेक बंटी साहू से वीडियो काल पर कराई। सांसद ने भी उन्हें ग्रामीण मतदाताओं से बात कर उन्हें समझाया और मतदान करने करने की अपील की। किंतु फिर भी ग्रामीण अपनी बात पर अड़े रहे और मतदान नहीं किया। प्रशासनिक रूप से जनपद सीईओ ने भी मतदान करने हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया। ग्रामीणां का कहना था कि ग्राम में कोई भी सुविधा नहीं है। दोपहर 3 बजे तक अपनी मांगों को लेकर अड़े है ग्रामीण। पोलिंग बूथ आंगनवाड़ी नही तो वोट नही के नारे लगाए। तीन दिनों से मतदान नही करने का कर रहे विरोध लोकतंत्र के महापार्व पर मतदान का बहिष्कार आखिर क्यों नहीं मिल रही सुविधाओं की व्यवस्थाये ग्रामीण लिखित में कर रहे है।

## रेलवे क्रासिंग पर हुआ हादसा, श्री कृष्णा हॉस्पिटल के संचालक ने नहीं दी पुलिस को जानकारी



**छिंदवाड़ा:** मंगलवार की शाम लालबाग क्षेत्र रेलवे क्रॉसिंग पर एक हादसा हुआ। जिसमें रेलवे की संपत्ति को भारी नुकसान होता है इसके साथ हादसे की चपेट में एक महिला भी आ गई। महिला का नाम अनिता बताया जा रहा है। सूत्रों से खबर है कि जिस वाहन से हादसा हुआ उसमें कांग्रेस के स्थानीय नेता और पार्षद आकाश मोखलगाय के होने की बात सामने आ रही है। जिसकी त्वरित सूचना रेलवे पुलिस को दी गई जिस पर रेलवे पुलिस द्वारा वाहन मालिक और चालक पर मामला दर्ज किया है। इस मामले मे लापरवाही या यूं कहे मामला निपटाने मे श्री कृष्णा हॉस्पिटल के संचालक नितेश पाल भी शामिल नजर आए है क्योंकि हादसे के घायल महिला को इसी अस्पताल पहुंचाया गया जिसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को नहीं दी और अपने स्तर पर ही सड़क हादसे जैसे मामले को निपटाने का कार्य किया गया। अब इस मामले की जानकारी बाहर आते ही हड़कंप की स्थिति बन गई।

## निजी स्कूलों की लूट रोकने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सौंसर।** क्षेत्र में संचालित प्रायवेट स्कूलों द्वारा पालको से मनमाने राशी वसुलने, प्रायवेट प्रकाशन की महंगी पाठ्यपुस्तक एव स्कुल युनिफार्म की जांच करने सौसर के पालको की ओर से पांढुरना कलेक्टर को ज्ञापन सोपकर स्कूल की जांच कार्रवाई करने की मांग की है।कलेक्टर को सोपे ज्ञापन में पालक एवं सद्भावना मंच के सदस्य पदाधिकारी नेबताया की लोधीखेड़ा मार्ग पर संचालित होने वाली सीबीएसई स्कूल द्वारा 3600 रुपये विकास शुल्क के नाम से लीये जा रहे है। प्रतिवर्ष ट्युशन फीस बढाई जाती है, प्रतिवर्ष नये प्रकाशन की महंगी कीताबे बदली जाती है, युनीफार्म बदले जाते हैं,प्रत्येक कार्यक्रम या फिर संस्था में होने वाली एक्टिविटी के नाम पर पालको से राशी वसुल की जाती है। स्कूल में अध्ययन की सुविधाओ के नाम पर केवल दिखावा है। राशी वसुल करने और नये प्रकाशन की पाठ्यपुस्तक लागू करने का क्या आधार है।

## मोबाइल दुकान से हुई चोरी के आरोपी पकड़ाए

### उमरानाला पुलिस ने दो लाख पचास हजार रूपए का मशरूका किया बरामद





हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

उमरानाला पुलिस को मोबाइल चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। उमरानाला पुलिस ने मोबाइल दुकान पर चोरी हुई घटना का आखिरकार पर्दाफाश कर दिया है।

उमरानाला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों मुकेश पिता पंचम डोंगरे ने अपनी मोबाइल शॉप में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस जांच में जुट गई थी। पुलिस ने वहीं आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल मारे थे। इसके बाद कहीं जाकर पुलिस ने नाबालिगों के पास से छह नग एनराईड मोबाइल, दो नग स्मार्ट वॉच, दो नग एयर वटस, एक नग लोहे की रॉड, दो मोटरसाइकिल कुल मिलाकर दो लाख पचास हजार रूपए का मशरूका बरामद किया। इस कार्यवाही को अंजाम देने में उमरानाला चौकी प्रभारी महेन्द्र भगत, अरविंद बघेल, शिवकरण पांडे, राधेश्याम ठाकुर, आरक्षक रोहित, आदित्य रघुवंशी, नितिन राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने माननीय किशोर न्यायबोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करबाल संप्रेषण ग्रह भेजा दिया है।

## पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन के माध्यम से की गई धान की रोपाई

### कृषि उपसंचालक सहित अन्य अधिकारी पहुंचे, लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

शैलेंद्र सिंह जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा के निर्देशानुसार आज दिनाकं 10-07-2024 को शासकीय कृषि प्रक्षेत्र देलाखारी एवं ग्राम पंचायत कुर्सीढाना के ग्राम डीबुढाना में दो किसानों (सूर्यभान उईके एवं विमल उईके) के खेतों में कृषि विभाग एवं कृषि अभियांत्रिकी के तत्वाधान में पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन के माध्यम से धान फसल की रोपाई का लाइव डेमोंसट्रेशन किया गया। जिले में अभी तक धान की फसल को या तो सीधे खेत में छिड़क दिया जाता था या मजदूरों के द्वारा धान की नर्सरी को हाथों से रोपाई की जाती थी परंतु जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार नवाचार के रूप में कृषि अभियांत्रिकी के माध्यम से उपलब्ध कराई गई पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन के द्वारा धान फसल की नर्सरी की रोपाई की गई जिसमें बहुत कम समय, लागत एवं केवल 2 मजदूरों की आवश्यकता होती है । पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन का लाइव डेमोंसट्रेशन देखने के लिए श्री जितेंद्र कुमार सिंह, जिला उप संचालक कृषि , डॉ आर सी शर्मा अधिष्ठाता (उद्यानिकी) एवं जबलपुर संभाग से पधारे श्री विनयकांत सोनवानी कृषि यंत्री जबलपुर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि में श्री वीरेंद्र राय, श्री मदन साहू, श्री प्रेमभान उईके, श्री कलीराम कवरेती एवं विभागीय स्टाफ में श्री दीपक चौरसिया सहायक संचालक कृषि छिंदवाड़ा, श्री समीर पटेल सहायक कृषि यंत्री छिंदवाड़ा, प्रमोद सिंह उट्टी अनुविभागीय कृषि अधिकारी परासिया, योगेश उईके वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तामिया, श्री भंवर सिंह मेडहा प्रक्षेत्र अधीक्षक देलाखारी, कृषि विस्तार अधिकारी श्री गणेश कासदे, रोहित डेहरिया एवं विज्ञान सभा के संचालक आरिफ खान एवं विकासखंड जुन्नारदेव की महिला कृषक श्रीमती अनुसुइया कलमे, स्थानीय कृषक श्री सूर्यभान उईके और श्री विमल उईके, श्री सेवक उईके तथा जिला बैतूल से आए महिला कृषक समूह के दल में लगभग 40 से 45 महिलाओं ने पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन का लाइव डेमोंसट्रेशन देखा । एवं श्री जितेंद्र कुमार सिंह उपसंचालक कृषि व श्री वीरेंद्र राय (जनप्रतिनिधि) ने स्वयं पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन को चलाकर देखा । यह पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन किसानों के लिए बहुत उपयोगी जो की किसानों के समय, लागत और मजदूरी को बचाने वाली है।

### हरिभूमि रिपोर्टर रात के अंधेरे में रिपोर्टिंग करने पहुंचे नदी नालों तक

## शाम ढलते ही शुरू होता है तामिया में रेत का खनन, तैनात रहते है हथियार बंद लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

तामिया तहसील के देलाखारी क्षेत्र में रेत चोरों ने अपना पूरा सिस्टम खड़ा कर दिया है! यह सिस्टम कैसे काम करता है, इसका पर्दा पास करने के लिए रात के अंधेरे ने में रेत नदी नालोः.से निकल रही रेत तक हरिभूमि रिपोर्टर पहुंचे तो देखा कि रेत चोरों ने अपना अवैध किला बना रखा है! शाम ढलते ही रेत चोरी शुरू हो जाती है!इन रेत चोरों के हथियारबंद शूटर जगह जगह पर तैनात रहते हैं! 11:00बजे रात मुंगरिया एव प्रतापगढ़ बादला के पास नदी नालों में जेसीबी थोड़ा आगे ट्रैक्टर ट्रालियों में रेत भरकर निकाला जाता है! जबकि एनजीटी



की रोक के बाद रेत के खनन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा हुआ है! लेकिन यह सारे प्रतिबंध यहां पर असरहीन होते हैं! इसका मूल कारण है! कि यहां पर जिन अधिकारियों को रेत. की चोरी रोकने की शासन ने जिम्मेदारी दे रखी है! वे चंद रूपों के खातिर अपना ईमान रेत चोरों के यहां शायद गिरवी रखे हुए हैं! जबकि मुख्यमंत्री ने निर्देश दे रखे हैं! कि कलेक्टर माइनिंग अफसर को अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाने को कहा था! लेकिन वह अभियान तामिया तहसील में देखने नहीं मिलता है! मिलते हैं! खुलेआम रेत चोरी के वाहन का ऐसा ही नजारा बीती रात दौरिया खेड़ा क्षेत्र से रेत के ट्रैक्टर ओवरलोड रेत बेखौफ निकल रहे हैं! अब तो लगने. लगा है, कि प्रशासन में बैठे अधिकारी नाकारा साबित हो रहे हैं ! रेत चोरों पर प्रदेश सरकार एवं स्थानीय अधिकारी छवि खराब करने मैं कहीं से पीछे नहीं है!लेकिन सबसे हैरत करने वाली बात है। फूल छाप गमछा डालने वाले नेता को भी अपने मुख्यमंत्री के आदेश निर्देश का पालन करवाने कभी आगे नहीं आए हैं! आगे आए हैं तो रेत चोरों के समर्थन में? यदि किसी अधिकारी ने रेत चोरी पर धोखे से कार्रवाई करने की कोशिश की तो उसके बचाव में रेत चोरों के साथ खड़े हो जाते हैं इस पर भी जिले के पार्टी पदाधिकारी को अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के निर्देश पालन करने के लिए कार्यकर्ताओं को आगे आने को कहना होगा? जिससे मुख्यमंत्री के आदेश निर्देश की लाज बचा जाये?एवं शासन की इन रेत चोरों के कारण बदनामी भी ना हो।

### महिला सरपंचों को ट्रेनिंग के दौरान दिए गए निर्देश

# महिला सरपंचों की कुर्सी पर नहीं बैठ पाएंगे सरपंच पति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



जनपद पंचायत परासिया में हुई दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को जनपद उपाध्यक्ष सैयद जमील खान की उपस्थिति में समापन हुआ। समापन कार्यक्रम के दौरान शिविर में मौजूद सभी महिला सरपंचों को विभिन्न निर्देश दिए गए। महिला सरपंचों को पति सरपंचों की कुर्सी पर नहीं बैठ पाएंगे, इस बात की विशेष हिदायत दी गई।समापन कार्यक्रम में जनपद अधिकारियों के अलावा सभी महिला सरपंच मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष सैयद जमाल खान ने महिला सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा, कि पहले से अबकी तुलना में प्रशासनिक तौर पर काफी अंतर आया है। आप महिलाओं को जो मौका मिला है उसमें आपको अपनी - अपनी पंचायत क्षेत्रों में स्मरणीय कार्य करके दिखाना है। उन्होंने यह भी कहा कि, महिला सरपंचों को सचिव और अन्य अधिकारियों के सहयोग से अपनी अपनी पंचायत के सर्वांगीण में विकास महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाना है। वहीं पंचायत इंस्पेक्टर दीपा पाटिल ने महिला सरपंचों को हिदायत दी, कि किसी भी सरपंच का पति सरपंच की कुर्सी पर नहीं बैठा पाया जाना चाहिए, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान यह भी कहा गया कि अक्सर देखने में आता है कि कई महिला सरपंच पति अपनी पत्नी की तरफ से कागजों में दस्तखत करते हैं, ऐसा न होना पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। महिला सरपंच पूरी जिम्मेदारी के साथ सामने आकर खुद ही पंचायत की कार्यों पूर्ण करें। जहां भी कोई जनप्रतिनिधि सचिन या अन्य अधिकारी किसी गलत निर्णय पर हस्ताक्षर मांगता है या सहमति मांगता है तो उसे रोके।

## कैलाशपत हाइस्कूल में हो रहा अभिभावकों का शोषण



**पांढुर्ना।** आज दोपहर में सौंसर क्षेत्र के शालेय पालक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर पांढुर्ना से भेंटकर बोरगांव परिसर स्थित कैलाशपत हाइस्कूल द्वारा विकास शुल्क में 3600 रू. लिए जा रहे है। इसके साथ ही प्रतिवर्ष ट्यूशन फीस में बढोतरी की जाती है। प्रतिवर्ष नए प्रकाशन की कुछ महंगी किताबें जोड दी जाती है। हर एक एक्टिवेशन के नाम पर पालकों से राशि वसूल की जाती है। अभिभावकों द्वारा मांग की गई है कि कुछ किताबें हर साल नई लागू करने एवं बीच बीच में फालतू में बहाना बताकर राशि की मांग करन क्या उचित है ? इसका क्या आधार है ? इस पूरे मामले की जांच की मांग की है। इस अवसर पर सद्भावना मंच प्रमुख प्रदीप कालबांडे, संदीप भकने, पपें सेलुकरजी, संजय फोले, मोंटून चौरसिया, राशिला सूर्यवंशी, सविता, हिंदवी वानखडे, राहुल डोईजोड एवं अन्य अभिभावकगण मौजूद रहे।

## भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में ऋषि प्रसाद साहित्य का निःशुल्क वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर के धार्मिक संगठनों द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का आयोजन आषाढ़ मास को शुक्ल पक्ष की द्वितीया को किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालु, भक्तों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस रथ यात्रा का पौराणिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व है। भगवान श्री कृष्ण, बलराम जी बहन सुभद्रा के साथ आम लोगों को दर्शन देने के उद्देश्य से प्रति वर्ष अपनी मौसी के घर जातें हैं। जगन्नाथपुरी के अलावा देश भर में इस रथ यात्रा का आयोजन सम्पन्न होता है। इसी कड़ी में नगर में भी यह यात्रा सम्पन्न हुई। जिसमें सन्त श्री आशारामजी बापू द्वारा प्रेरित श्री योग वेदांत सेवा समिति के साधकों ने भी भाग लिया। रथयात्रा के दौरान साधकों ने आश्रम से प्रकाशित ऋषि प्रसाद सत साहित्य का आम लोगों को निःशुल्क वितरण किया। इस साहित्य में मनुष्य को सुखी, सम्मानित एवं स्वस्थ जीवन जीने के ऋषि मुनियों के, सनातन संस्कृति के रहस्य का उल्लेख होता है; क्योंकि हमारी सनातन संस्कृति ही वासुदेव कुटुंबकम की बात करती है। यह सदैव समस्त मानव जाति के कल्याण की पक्षधर रही हैं।

## अमरवाड़ा उपचुनाव में दूल्हा ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



अमरवाड़ा विधानसभा में उपचुनाव के दौरान आज एक दूल्हे ने वोट डालकर लोकतंत्र के इस महापर्व का संदेश दिया।ग्राम खामीहीरा निवासी अनिल साहू पिता सुंदर लाल साहू की आज शादी है जिनकी बारात छिंदवाड़ा जाना है अनिल साहू भाजपा युवा मोर्चा मंडल सिंगोड़ी के उपाध्यक्ष भी हैजिसके चलते उन्होंने सबसे पहले अपना वोट दिया उसके बाद विवाह संस्कार के कार्यक्रम किए आपको बता दे कि एक ओर दूल्हे ने मतदान करने का महत्व बतलाया तो वही दूसरी ओर लोग रोड नहीं तो वोट नहीं को लेकर आंदोलन करते हुए नजर आ रहे हैं। सिंगोड़ी मंडल के ग्राम नांदिया में आज लोगो ने चुनाव का बहिष्कार किया,रोड के साथ साथ ग्राम में आगनवाड़ी का न होना और भी मुद्दे को लेकर ग्रामिणजनो द्वारा चुनाव का बहिष्कार किया गया तो वहीं इस दूल्हे ने आज अपने विवाह के अवसर पर मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया और लोगों को मतदान करने का संदेश दिया।

## शिक्षक शरद कुमार शिववेदी का नाम शिक्षा रत्न सम्मान 2024 हेतु चयनित

**जुन्नारदेव।** मध्य प्रदेश के के छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड जुन्नारदेव की शासकीय माध्यमिक शाला बरेलीपार में पदस्थ व कार्यरत शिक्षक शरद कुमार शिववेदी का नाम "शिक्षा रत्न सम्मान 2024 "हेतु चयनित किया गया है। सूत्रों के अनुसार ग्लोकल विश्वविद्यालय सहारनपुर उत्तर प्रदेश द्वारा प्रतिवर्ष अखिल भारतीय शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया जाता है ,जिसमें समूचे भारतवर्ष से शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र बारीकी से जांच करने के उपरांत सभी मानकों पर खरा उतरने वाले अध्यापकों को शिक्षा रत्न सम्मान देकर सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष शिक्षा रत्न सम्मान 2024 के लिए मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से इकलौते शिक्षक शरद कुमार शिववेदी विकासखंड जुन्नारदेव का नाम चयनित किया गया है। उनको यह सम्मान 14 जुलाई 2024 दिन रविवार को मिर्जापुर पोल स्थित ग्लोकल विश्वविद्यालय सहारनपुर उत्तर प्रदेश में दिया जाएगा। इस सम्मान कार्यक्रम में शिक्षक शरद कुमार शिववेदी का चयन होने पर शाला परिवार के समस्त शिक्षक, अभिभावक, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सरपंच अनीता इवनाती, संकुल प्राचार्य मनीष चतुर्वेदी, जन शिक्षक नंदकिशोर साहू,राहुल ठाकुर, विकासखंड स्त्रोत समन्वय अरविंद डेहरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश जोशी, अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व) कामिनी ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि चौहान, ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डी.के. सिंगौर, मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी मौजूद रहे।

## लोधेश्वर धाम मंदिर हो रहा है सौंदर्यीकरण का कार्य

**जुन्नारदेव।** लोधेश्वर धाम मंदिर में सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया है।ग्राम पंचायत पुरैना खालसा में लोधेश्वर मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है।इसी आस्था को लेकर धर्म से जुड़ी समिति द्वारा लोधेश्वर मंदिर के निर्माण कार्य एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। लोधेश्वर धाम मंदिर समिति के द्वारा मंदिर पर विगत 6 माह से जन सहयोग के माध्यम से निर्माण कार्य किया जा रहा है।समिति सदस्य विक्रांत साहू लोकेश पांडे सचिन सूर्यवंशी लोधेश्वर धाम मंदिर ग्राम पंचायत पूरेना खालसा ग्राम नीमढाना,सौंदर्यकरण कार्य को जन सहयोग से पूर्ण करने में लगे हुए हैं। इस मंदिर में शिव जी व माता रानी, शनि जी, कल भैरव जी, हनुमान जी, के दर्शन करने श्रद्धालु आते रहते हैं। ग्राम पंचायत जल्द पुनः बोटिंग (नाव ) प्रारम्भ करने जा रहे हैं। शानदार पिकनिक के लिए, मछलियों का दृश्य, शानदार लोकेशन, गार्डन की व्यवस्था,सेल्फी पाइंट, फैमली के साथ धार्मिक स्थल के दर्शन, प्रकृति की अनुभूति, मन को शान्ति प्रदान करती है।

## वरिष्ठ व्यापारी पहल कर व्यापारी मंडल का गठन आम सहमति बनाएं

**जुन्नारदेव।** व्यापारी विभिन्न समस्याओं से लगातार घिरता जा रहा है। शहर में व्यापारियों के अपने संगठन की गठन की एक नई पहल प्रारंभ की जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस हेतु नगर के वरिष्ठ व्यापारियों को पहल करनी चाहिए।ताकि वर्षों पूर्ण भंग हो चुके व्यापारी मंडल को फिर से एक नया आकार प्रदान किया जा सके। गौरतलब है कि लगभग 15 वर्ष पूर्व ही तत्कालीन व्यापारी मंडल को भंग कर दिया गया था। हालांकि उसके बाद पुनर्गठन के लिए कुछ पहल की गई लेकिन उसे मूर्त रुप नहीं दिया जा सका है। एक बार फिर शहर में व्यापारी मंडल के पुनर्गठन की उत्सुकता दिखाई देने लगी है इसीलिए व्यापारी हित में यह आवश्यक है कि जल्द ही व्यापारी मंडल का गठन कर लिया जाए ताकि विभिन्न मोर्चो पर व्यापारी की अपनी उपस्थिति दिखने लगे। जरुरी है व्यापारी मंडलशासन और प्रशासन के विभिन्न नियम और निर्देशों की आसान समझ के लिए एक संगठन आवश्यक है।

## विशाल रैली निकालकर दिया बीमारी भगाओ का संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया नगर पंचायत न्यूटन चली में बुधवार को पंचायत परिवार की ओर से विशाल रैली निकाली जिसके माध्यम से सफाई अपना हो बीमारी भगाओ का संदेश दिया गया। रैली का शुभारंभ नगर पंचायत कार्यालय से हुआ और इसका समापन पुराने व हॉस्पिटल के क्षेत्र में आसपास पौधा रोपण करके किया गया।गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर पंचायत न्यूटन के द्वारा रैली निकाल कर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया है। इसी अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में जल भराव वाले हिस्सों में नालियों की साफ सफाई कराई जा रही है, मच्छरों और अन्य कीटों से बचाव के लिए दवा का छिड़काव किया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपमा हेमंत राय ने इस अवसर पर कहा, कि सफाई अभियान को लेकर पंचायत गंभीर है। न्यूटन में स्वच्छता को लेकर पूर्व से कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। सभी 15 वार्डों में नियमित रूप से साफ - सफाई होती है। कचरा गाड़ियां घर - घर जाकर कचरा उठाती है। लोगों को अभियान से जोड़ने के लिए बुधवार को रैली का निकली गई और सफाई के महत्व के बारे में लोगों को बताया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत सीएमओ अजय ठाकरे, पार्षद रविंद्र कौर, कविता यदुवंशी राहुल गढ़ेवाल के अलावा पंचायत के कर्मचारी मुख्य रूप से शामिल हुए।

## दिव्यांग जन कल्याण संघ की वार्षिक बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज लांजी।

10 जुलाई को दिव्यांग जन कल्याण संघ भानेगांव प्रधान कार्यालय में वार्षिक बैठक अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा की अध्यक्षता में वार्षिक बैठक आयोजित की गई जिसमे संघ के नियमानुसार संघ के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र द्वारा रावते बजट सत्र 2024-25 का अनुमोदन संघ के समक्ष प्रस्तुत किया। इस बैठक में दिव्यांग जनों के सर्वांगीण विकास एवं उनके उत्थान संबंधी चर्चा की गई। चर्चा के दौरान संघ के संघ के वार्षिक बजट 2024-25 को सर्व सहमति से पारित किया गया। इस अवसर पर संघ की संरक्षक श्रीमती प्रमिला देवी चरण जी ठाकरे सहित सभी संघ के पाधिकारियो द्वारा सभा को संबोधित किया गया। इस बैठक में संघ के अध्यक्ष श्री संरक्षक श्रीमती प्रमिला देवी चरण ठाकरे, तन्मय जगदीश मिश्रा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र रावते, सुश्री अनिता उईके ,सलिता ठाकरे डूलेंद्र किसान जगदीश मिश्रा, श्रीमती प्रमीला पारधी सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान : नगर परिषद ने मोक्षधाम-कब्रिस्तान और उद्यान में लगाए पौधें

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर परिषद कटंगी ने में पौधारोपण किया. शहर के मुक्तिधाम, कब्रिस्तान और उद्यान में बुधवार को विभिन्न प्रजातियों के छायादार-फलदार पौधे रोपित किए गए. कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, मुख्य नगर परिषद अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव, पार्षद संजय चौकसे, अतीक अंसारी, मनीष चौकसे, कपिल मेश्राम, पार्षद प्रतिनिधि रहमान अंसारी, कामराज देशमुख, आबिद खान सहित नगर परिषद के कर्मचारीगण मौजूद रहे. इस मौके पर अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि धरती मां को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए. उन्होंने कहा कि पर्यावरण जितना स्वच्छ और सुंदर होगा उतना ही हमारा शरीर स्वस्थ होगा. उन्होंने नागरिको से अपील करते हुए कहा कि पेड़ पौधे और पर्यावरण के बिना मानव जीवन असंभव है. हमें अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिए और पौधों की रक्षा भी करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि हमें हर एक घर, हर एक खेत में पौधे लगाने चाहिए।

कामराज देशमुख ने कहा कि हम मानव समाज को वन अर्थात पेड़ पौधे पूरा जीवन देते हैं. मानव के साथ पूरे संसार में जन्तु प्राणी का जीवन वन, जल और हवा पर निर्भर है जिसे बनाये रखने के लिये पेड़-पौधे ही माध्यम हैं. पेड़ हमें हवा के साथ ही औषधी, जड़ी -बूटी, फल, छाया, अच्छा पर्यावरण देते



है. वहीं वर्षा में सहायक होते है. देखने में आ रहा है कि हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है परंतु नए पेड़ लगाए नहीं जाते और लगाए भी जाते है तो उनकी सुरक्षा नहीं हो पाती. पर्यावरण एक गंभीर चिंता का विषय है मानव समाज यदि अपना भविष्य सुनहरा बनाएं रखना चाहता है तो उसे अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर इनकी सुरक्षा का बीड़ा उठाना चाहिए. सीएमओ ने कहा कि प्राकृतिक पर्यावरण और जलवायु - वन और नदी पहाड़ों पर निर्भर करता है, पेड़ हमें जीवन देते हैं, पेड़- पौधे हैं तो हमारे लिये भोजन, पानी, शुद्ध हवा की उपलब्धता है. सरकार ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की है. इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जुड़कर पर्यावरण के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर करनी चाहिए।

### 11 सूत्री मांग पत्र पर शीघ्र निराकरण की कार्यवाही

## विद्युत दुर्घटना में मृत वितेश गौतम के परिवार को तत्काल क्षतिपूर्ति राशि देने की मांग

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** बालाघाट, वारासिवनी, बैहर कुल तीन बिजली संभागों के कार्यपालन अभियंताओं के साथ ही एस टी एम संभाग के कार्यपालन अभियंता एवम् बालाघाट वृत्त के अधीक्षण अभियंता दीपक उईके के साथ 4 जुलाई 2024 को विद्युत वृत्त कार्यालय के सभा कक्ष में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में विश्व के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बिजली कर्मचारी महासंघ से कर्मचारियों की लंबित 11 सूत्री ज्वलनशील समस्याओं के अतिशीघ्र निराकरण हेतु प्रस्तुत मांग पत्र पर विस्तार पूर्वक बैठक आयोजित की गई। नियम का पालन नहीं करने वाले लापरवाह कर्मचारियों को दंडित किया जाए-प्रणय श्रीवास्तव

सर्वप्रथम बिजली कर्मचारी महासंघ के वृत्त अध्यक्ष प्रणय श्रीवास्तव ने बैठक के मुख्य उद्देश्यों एवम् समस्या बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए अधीक्षण अभियंता उईके को बताया कि विद्युत कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु बिजली कर्मचारी महासंघ विगत अनेक वर्षों से शासन एवम् विद्युत कंपनी के अधिकारियों से चर्चा एवम् बैठक के माध्यम से संघर्षशील हैं। जिसमें समस्त अधिकारियों का प्राप्त हो रहा सहयोग सराहनीय है। प्रदेश और देश की उन्नति में हमारे विद्युत अभियंताओं एवम् मेहनतकश बिजली कर्मचारियों का योगदान प्रशंसनीय रहा हैं। फिर भी सुरक्षा, उपभोक्ता सेवा, प्राकृतिक विद्युत व्यवधान, सतत विद्युत आपूर्ति एवम् सेवा के दौरान कुछ कर्मचारियों की व्यक्तिगत या सामूहिक समस्याओं के निराकरण हेतु बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा कंपनी प्रशासन एवम् मुख्य अभियंता के कुशल निर्देशन में मासिक त्रैमासिक बैठकों के माध्यम से प्रयत्नशील हैं। जिसके फलस्वरूप यह प्रथम बैठक आयोजित की गई हैं। उन्होंने प्रत्येक लाइन कर्मचारी के जीवन की रक्षा हेतु हेलमेट पहनने, डिस्चार्ज राड रखना अनिवार्य करने की बात रखते हुए कहा कि नियम का पालन न करने वाले लापरवाह को दंडित भी किया जावे।

### ग्रामीणों ने एसडीएम-तहसीलदार को ज्ञापन सौंप भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मॉग की

## मुरमाड़ी पूनी में चारागाह की भूमि पर ग्रामीणों ने किया कब्जा

### बच्चों को खेलने व ग्रामीणों को जानवर चराने में हो रही परेशानी



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरमाडी पूनी की चारागाह की लगभग 15 एकड़ शासकीय भूमि पर ग्रामीणों द्वारा अवैध रुप से कब्जा करने से आक्रोशित ग्रामीणों ने 9 जुलाई को एसडीएम वारासिवनी व तहसीलदार वारासिवनी को ज्ञापन सौंपकर चारागाह की शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने की मॉग की हैं।

**50 एकड़ शासकीय भूमि चारागाह में हैं दर्ज :** शिकायत अनुसार ग्राम पंचायत मुरमाडी पूनी में लगभग 50 एकड़ शासकीय भूमि चारागाह मद में दर्ज हैं। जिसमें से लगभग 15 एकड़ भूमि पर लगभग 23 ग्रामीणों ने अवैध रुप से कब्जा कर लिया हैं और वह उस भूमि पर खेती कर रहे हैं। जिस भूमि पर ग्रामीणों द्वारा अवैधानिक रुप से कब्जा कर लिया गया हैं, उस भूमि के हिस्से पर ग्राम मुरमाड़ी व पूनी के किसानों के जानवर चरने के लिए जाते थे।

**ग्रामीणों के कब्जे के बाद से जानवरों का चराना हुआ बंदः** लेकिन जब से ग्रामीणों ने उस जगह पर कब्जा किया हैं, तब से किसानों को अपने जानवर चारागाह में चराने के लिए भेजना बंद हो गया हैं और उन्हें जानवरों को घर पर ही रखना पड़ता हैं। जिससे उनके सामने जानवरों के भोजन की समस्या खड़ी हो गई हैं और अपनी जेब से जानवरों के लिए भोजन खरीद कर लाना पड़ता हैं। जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा हैं।

इतना ही नहीं इस शासकीय भूमि पर ग्राम के बच्चे अपने मनोरंजन के लिए खेलकूद भी करते रहते हैं। लेकिन अब बच्चों को ग्राम की गलियों में खेलना पड़ रहा हैं। इस समस्या को सुलझाने के लिए ग्राम पंचायत मुरमाडी में 4 जुलाई को एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें ग्राम के 70 से 80 लोग उपस्थित हुए थे। सभा में शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए कब्जा को उनसे मुक्त करवाने हेतू विषय पर चर्चा हुई। लेकिन समस्या का निराकरण नहीं निकलने के कारण 9 जुलाई को ग्राम के करीब 30 लोग तहसील परिसर वारासिवनी पहुॅचे और एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमणकारियों से भूमि को मुक्त कराने एवं उनकी समस्या का निराकरण करने की मॉग की।

**गौठान की भूमि पर अनाधिकृत व्यक्ति ने कर लिया हैं कब्जाः** शिकायत करने आए हुए मुरमाडी पूनी निवासी ग्रामीण सतीश चौधरी ने बताया कि ग्राम में पशु चारागाह एवं अन्य कार्यो के लिये निर्धारित गौठान में अनाधिकृत व्यक्तियों के द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने के संबंध एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है और उनसे शीघ्र भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने एवं उनकी समस्या को हल करने का निवेदन किया गया हैं।

श्री चौधरी ने बताया कि शासकीय भूमि पर अनाधिकृत व्यक्तियों के द्वारा अतिक्रमण करने से ग्रामवासियों को चारागाह करने एवं अन्य सामाजिक कार्य करने में दिक्कत आ रही हैं। पंचायत में जमीन की कमी होती जा रही हैं। इस संबंध में ग्राम की सरपंच से भी मुलाकात की गई, लेकिन उनके द्वारा भी अभी सहयोग प्रदान नहीं किया जा रहा हैं, क्योंकि उनके घर के एक सदस्य का भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हैं। अब ऐसे में प्रशासन ही उनके लिए सहारा है। क्योंकि भूमि पर हुए अतिक्रमण से ग्रामीणों के आपसी संबंध खराब हो रहे हैं।

### उपसरपंच पद के परिणाम का निर्णय एसडीएम करेंगे, पुस्तकला माहुले चुनी गई स्थानापन्न

## ग्राम पंचायत कायदी सरपंच-उपसरपंच चुनाव



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के सरपंच-उपसरपंच को विभिन्न अनियमितताओं के आरोप में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बालाघाट द्वारा पथ से पृथक करते हुए 6 वर्षो के लिए चुनाव लडने से वंचित करने के बाद हुए उपचुनाव में ग्राम पंचायत कायदी की पंच पुस्तकला माहुले को अन्य पंचों द्वारा स्थानापन्न सरपंच चुना गया हैं। जिसमें उपसरपंच का चुनाव विवाद में आने के बाद उसके परिणामों को सील बंद लिफाफे में उच्चाधिकारियों के समक्ष पेश कर दिया गया हैं। अब इस पर एसडीएम वारासिवनी द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

**दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुई सरपंच पद के चुनाव की प्रक्रिया :** सीईओ जिला पंचायत बालाघाट के निर्देश पर सीईओ जनपद पंचायत वारासिवनी द्वारा ग्राम पंचायत कायदी की सचिव गायत्री गोस्वामी को स्थानापन्न सरपंच-सचिव के चुनाव करवाने के निर्देश जारी किए गए थे। जिसके परिपालन में सचिव गायत्री गोस्वामी द्वारा 9 जुलाई को दोपहर 12 बजे से सरपंच व दोपहर 3 बजे से उपसरपंच के चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न करवाई गई।

**माहुले ने कोबडे को एक मत से हरायाः** स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन के दौरान दो पंचों पुस्तकला माहुले व शुभकला कोबड़े ने दावेदारी पेश की थी। जिसमें पंचों द्वारा चिट के माध्यम से स्थानापन्न सरपंच का चुनाव किया गया। जिसमें पुस्तकला माहुले को 10 व शुभकला कोबड़े को 9 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार पुस्तकला माहुले एक मत से विजय घोषित हुई।

**उपसरपंच चुनाव में एक मत में निशान दूसरे प्रत्याशी के कालम तक जाने से बना विवादः** उसके बाद उपसरपंच के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसमें दो उम्मीदवार धरमसिंह राजपूत व चन्द्रभान सोनबिरसे ने दावेदारी पेश की। जिसमें पंचों द्वारा मत डाले गए। जिसमें धरमसिंह राजपूत को 10 व चन्द्रभान सोनबिरसे को 9 मत प्राप्त हुए। लेकिन एक पंच द्वारा धरमसिंह राजपूत के नाम के आगे लगाये गए निशान का आखिरी सिरा चन्द्रभान सोनबिरसे के के नाम के कालम तक चले जाने से विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।

**उपसरपंच प्रत्याशी सोनबिरसे ने उठाई आपत्तिः** निशान का आखिरी सिरा अपने नाम के कालम में आने को लेकर चन्द्रभान सोनबिरसे ने उस मत को निरस्त करने और बराबरी के मत होने का दावा करते हुए टॉस कराने की मॉग कर दी। जिस पर चुनाव प्रभारी ने उपसरपंच पद के सभी मतों को एक लिफाफे में सील बंद कर उस पर उचित निर्णय लेने के लिए उच्चाधिकारियों के पास भेज दिया। अब इस मामले में उच्चाधिकारियों द्वारा निर्णय कर उपसरपंच पद के विजेता के नाम की घोषणा की जायेगी।

**पुलिस बल रहा मुस्तैदः** उल्लेखनीय हैं कि ग्राम पंचायत कायदी को संवेदनशील माना जाता हैं, इसीलिए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए एसडीओपी अभिषेक चौधरी, नगर निरीक्षक वी वी टांडिया चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होते तक पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। वहीं इस निर्वाचन को सम्पन्न कराने ग्राम पंचायत कायदी सचिव गायत्री गोस्वामी, इरफान खान, देवेन्द्र मिश्रा व बाल सिंह पटले भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शांति समिति बैठक का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज सिवनी।माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर में आयोजित होने वाले धार्मिक त्यौहारों को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन गुरूवार 11 जुलाई को शाम 05 बजे से कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया है। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं

### छात्रावासों में कोचिंग हेतु विषय शिक्षकों से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 के लिए 01 अगस्त 2024 से जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में संचालित उत्कृष्ट छात्रावासों में कक्षा 09 वीं से 12वीं तक छात्र-छात्राओं के लिए गणित, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय की विशेष कोचिंग प्रारंभ किया जाना है। इस हेतु इच्छुक विषय शिक्षक 31 जुलाई 2024 सांय 05 बजे तक अपना आवेदन संबंधित छात्रावास अधीक्षक के पास जमा कर सकते हैं।

# नाम संशोधन करवाने के एवज में रिश्वत लेने वाले पटवारी को 4 वर्ष का कारावास एवं 5,000 का अर्थदण्ड

**बही में जमीनी रिकार्ड में नाम संशोधन करवाने के लिए वह पटवारी दीपक गेडाम पिता स्व. रूपचंद गेडाम, उम्र 52 वर्ष, पटवारी हल्का नं. 36, केवलारी, जिला सिवनी के पास गया तो पटवारी ने इस कार्य के एवज में रिश्वत मांग रहा हैं। मैं पटवारी को रिश्वत देना नहीं चाहता एवं उन्हे रिश्वत लेते पकड़वाना चाहता हूँ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्रार्थी रामदयाल पंचेश्व र पिता अन्नीवलाल पंचेश्ववर, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम खेररांजी, तहसील केवलारी ने लोकायुक्त कार्यालिय जबलपुर में जाकर दिनांक 31.01.2017 को शिकायत की थी कि हम चार भाईयों में जमीन का बटवारा हो गया हैं, बही में मझले भाई रामूलाल के नाम की जगह रामलाल और मेरे नाम की जगह दल्लू लिख गया हैं।



दिनांक 01.02.2017 को लोकायुक्त पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पटवारी दीपक गेडाम को प्रार्थी से 8,000रू. रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकडा था एवं कार्यवाही करते हुए उन्हे गिरफ्तार किया था। आरोपी दीपक गेडाम के विरूद्ध अपराध क्रमांक 23/2017, धारा 7, 13(1)(डी)/13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चालान माननीय न्यायालय श्रीमान खालिद मोहतरम अहमद, विशेष न्यायालय की न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। शासन की ओर से श्रीमान रमेश उइके, विशेष लोक अभियोजक/उप-संचालक अभियोजन एवं श्री अनिल माहोरे, वरिष्ठ ए.डी.पी.ओ. ने न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत किये, अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय श्रीमान खालिद मोहतरम अहमद, विशेष न्यायाधीश, जिला सिवनी (म.प्र.) द्वारा दिनांक 06/07/2024 को निर्णय पारित करते हुए आरोपी दीपक गेडाम पिता स्व. श्री रूपचंद गेडाम, उम्र 52 वर्ष, पटवारी हल्का नं. 36, केवलारी, जिला सिवनी को धारा 7 भ्रष्टाजचार निवारण अधिनियम 1988 में 04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000रू. के अर्थदण्ड एवं धारा 13(1)(डी)/13(2) भ्रष्टा चार निवारण अधिनियम 1988 में 04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000रू. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया हैं।

# नेवरी नदी में आयी भीषण बाढ़ से सैकड़ों एकड़ में लगी खरीफ फसलें तबाह

**जिले के कुरई विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम बादलपार-सापापार के मध्य से गुजरने वाली नेवरी नदी में आयी भीषण बाढ़ से सैकड़ों एकड़ भूमि में लगी मक्का व धान की फसल तबाह हो गई है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में आज प्रातः 5 बजे से 10 बजे तक अनवरत जारी मूसलाधार बारिश के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। बताया गया है कि नेवरी नदी के दोनों ओर स्थित फसल लगे खेतों एवं बन्धियों के व्यापक भू-भाग से नदी के बाढ़ का पानी तेज बहाव के साथ बह रहा है, जिससे खरीफ फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई है। बताया गया है कि इस प्राकृर्तिक आपदा से क्षेत्र के दर्जनों गाँव के किसानों पर भारी विपत्ति आ गई है। हाल ही में लाखों रुपये की लागत लगाकर फसल की बोवनी करने वाले किसानों के समक्ष यह आपदा दुबरे पर दो आषाढ़ की कहावत को चरितार्थ करने वाली सिद्ध हो गई है। इस क्षेत्र के सैकड़ों पीड़ति किसानों द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन,राजस्व विभाग सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री से बाढ़ से चौपट हुई फसलों की शत-प्रतिशत क्षतिपूर्ती दिलाये जाने की माँग की गई है।

# कोतवाली पुलिस ने की सटोरियों पर कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा लगातार जुआड़ियों एवं सटोरियों पर कार्रवाई हेतु सख्ती से निर्देशित किया गया है। जो इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती पूजा पांडे के मार्ग दर्शन में सटोरियों पर कार्रवाई हेतु थाना कोतवाली टू आई.सी श्री ओमप्रकाश धोलपुरी द्वारा स्वयं के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर साईं राम अस्पताल कर्वे कॉलोनी एवं सब्जी मंडी बुधवारी बाजार दोनों अलग अलग स्थानो पर मुख़बिर सूचना पर सट्टा रेड कार्रवाई की गई 1 1. अपराध क्रमांक 489 /2024 धारा 4 (क) सट्टा एक्ट 2. अपराध क्रमांक 490/2024 धारा 4 (क) सट्टा एक्ट नाम आरोपी :- 1 अमन जैन पिता कैलाश जैन उम्र 19 साल निवासी गणेश चौक जिला सिवनी 2 लता कुल्हाड़े पति धनीराम कुल्हाड़े उम्र 37 साल निवासी जिंदल हॉस्पिटल के पीछे कर्वे कॉलोनी जप्ती 3460 रूपए, सट्टापट्टी एवं डाटपेन जप्त की।

# संत रविदास स्वरोजगार एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावासी सहकारी विकास समिति मर्यादित सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवा-युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत जिले को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये 23 एवं 58 इस प्रकार कुल 81 हितग्राहियों को लाभांवित कराने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। संत रविदास स्वरोजगार योजना के अंतर्गत व्यवसाय, सेवा एवं उद्योग से संबंधित प्रकरण तैयार किये जाने है, हितग्राहियों को इकाई लागत का 05 प्रतिशत ब्याज अनुदान की सुविधा दी जायेगी एवं सीजीटी-एमएसई (क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट फॉर माइक्रो एण्ड स्माल एंटरप्राइजेस) योजनान्तर्गत देय गांरटी सेवा शुल्क की राशि की प्रतिपूर्ति, 7 वर्षों तक राज्य शासन द्वारा की जायेगी। योजनान्तर्गत आय सीमा 12 लाख से कम होना चाहिए। आवेदक की पात्रता में अंकसूची, मूल निवासी प्रमाण पत्र, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, कोटेशन, कार्ययोजना, समग्र आई डी, बैंक खाता, फोटो, योग्यता न्यूनतम तक 08 वी उत्तीर्ण, उम्र 18 से 45 वर्ष के मध्य हो, एवं किसी बैंक का चूककर्ता नहीं होना चाहिए। ऋण की सीमा रू. 01 लाख से 50 लाख तक की है। डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 10 हजार से 01 लाख तक के ऋण प्रकरण तैयार किये जाने है, इस योजना मे योग्यता का बंधन नहीं है. उम्र 18 से 55 के बीच होना चाहिए, आवेदक द्वारा एम.पी. ऑनलाईन के Samast Portal के माध्यम से आवेदन पत्र ऑनलाईन किया जाना हैं। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित सिवनी कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

### विकासखंड स्तर पर 01 दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र.डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि जिले में विकासखंड स्तर पर कैपीटल कम्पनी हैदराबाद द्वारा सभी जनपद स्तर पर 01 दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। आयोजित मेले क्रमशः केवलारी विकासखंड अंतर्गत एनआरएलएम कार्यालय में 15 जुलाई को, विकासखंड घंसौर अंतर्गत जनपद पंचायत कार्यालय में 16 जुलाई को, विकासखंड धनौरा अंतर्गत जनपद पंचायत परिसर में 18 जुलाई को, विकासखंड लखनादौन अंतर्गत जनपद पंचायत परिसर में 19 जुलाई को, विकासखंड छपारा अंतर्गत एनआरएलएम कार्यालय में 20 जुलाई को, विकासखंड बरघाट अंतर्गत एनआरएलएम कार्यालय में 22 जुलाई को तथा विकासखंड कुरई अंतर्गत जनपद पंचायत परसिर में 23 जुलाई को एवं विकासखंड सिवनी अंतर्गत जनपद पंचायत परिसर में 24 जुलाई को आयोजित होगा। आयोजित रोजगार मेले में सिक्यूरिटी गार्ड तथा सुपरवाईजर पद के लिये आवेदन लिया जावेगा।

# जिले में उद्योगों की नवीन अवसरों की संभावना को लेकर कलेक्टर ने चैंबर ऑफ कामर्स एवं प्रतिष्ठित उद्योगपतियों से की चर्चा

### सभी से जबलपुर में आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में सहभागिता करने की अपील की

**रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में होगी। कॉन्क्लेव का आयोजन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एवं इनफार्मेशन सेंटर में किया जायेगा। इसके माध्यम से प्रदेश में टेक्सटाइल, माइनिंग, डिफेंस एवं एग्रीकल्चर जैसे विभिन्न निवेश क्षेत्रों में नवीन अवसरों पर चर्चा की जायेगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने बुधवार को चैंबर ऑफ कामर्स के सदस्यों तथा जिले के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों की बैठक लेकर आगामी 20 जुलाई को जबलपुर में प्रस्तावित रिजनल इंडिसिट्रियल कॉन्क्लेव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि मध्यप्रदेश इंडसट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित की जाने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में देश-विदेश के उद्यमी तथा केंद्र एवं प्रदेश के मंत्रीगणों का आगमन प्रस्तावित है।



कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा जिले के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों से जिले में उद्योगों की संभावना वाले क्षेत्रों के बारे में भी विस्तृत चर्चा की गई साथ ही उन्होंने उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि उद्योगों की स्थापना तथा संचालन में जिला प्रशासन द्वारा नियमानुसार पूरा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने उद्योगपतियों को जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में सहभागिता करने की अपील की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र श्री आर.एस.उइके सहित चैंबर ऑफ कामर्स के सभी सदस्यों एवं उद्योगपतियों की उपस्थिति रही।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधरोपण कर पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी ले रहे नागरिक




हरिभूमि न्यूज सिवनी। एक पेड़ मां के नाम अभियान में बड़ी संख्या में जिलेवासी सहभागिता कर रहे हैं। सभी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वसुधरा को हराभरा करने के लिए बड़ी संख्या में पौधारोपण करते हुए पौधे के सुरक्षा की जिम्मेदारी ली जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड छपारा के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पारसिया और पारसिया वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त आयोजन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत माध्यमिक शाला, ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र आदि शासकीय कार्यालयों के परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 51 पौधे स्कूल स्टाफ, पंचायत कर्मियों, अन्य शासकीय सेवक व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रोपित कर पौधों को पेड़ बनने तक उसकी सुरक्षा और संरक्षण की शपथ ली गई. विविध प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा विकासखंड कुरई अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय कुरई में ₹एक पेड़ मां के नाम अभियान₹ अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों ने अपने घरों में व सार्वजनिक स्थानों पर छायादार, फलदार पौधे लगाए। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व दोनों के सम्मान में पौधे लगाए और इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इसी क्रम में राजस्व विभाग द्वारा ग्राम सीलादेही में वृक्षारोपण किया गया। विभाग में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों ने कुल 170 पौधे लगाए।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हाईटेक पौधारोपण संपन्न



**हरिभूमि न्यूज/ लखनादौन** बुधवार जनपद पंचायत लखनादौन के अंतर्गत आने वाले ग्राम मड़ई में हाईटेक वृक्षारोपण किया गया में जनपद पंचायत लखनादौन के अधिकारी कर्मचारियों जनपद उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, एवं सभी 108 के सचिव, सरपंच रोजगार सहायक,मूवीलाइजर, ने विभिन्न प्रजाति के पौधों लगाएं ,रोपे सभी पौधे को अंकुर अभियान के अंतर्गत वायुदूत एप पर अपलोड किया गया। वहीं जनपद पंचायत लखनादौन कर्मचारियों को इन पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सौंपी गई एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन को जुड़ने के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करने के लिए वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है, ग्राम पंचायत मड़ई हाईटेक 2 हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की की गई है, जनपद सीईओ के के रैकवार, महेंद्र सिंह लाडिया, जनपद उपाध्यक्ष दीपक निगम,जनपद सदस्य अजय ठाकुर, जनपद सदस्य नीरज शर्मा, जनपद सदस्य संगीता मोहन पटेल उपयंत्री तिरेंद्र पटले, अरविंद अहरिवार ,सरपंच कमलेश कुडोपा, सचिव राधेश्याम शिववेदी, उपसरपंच राकेश मुनेश्वर, सहायक सचिव अरविंद डेहरिया,मोबिलाइज दिलीप कूडोपा,एवं समस्त वार्ड पंच ग्राम पंचायत मड़ई, अधिकारियों, कर्मचारी, एवं समस्त ग्रामवासी आमजन मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय महुआ दिवस के अवसर किया वृक्षारोपण

10 जुलाई महुआ दिवस के अवसर पर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र लखनादौन मे एक पेड़ मां के नाम शासन के निर्देशानुसार 10 पौधों का पौधा रोपण किया गया एवं महुआ दिवस अवसर पर लखन कुअर बाबा महुआ सहकारी समिति लखनादौन एवं प्रस्तावित मछुआ सहकारी समिति देवर्री के मछुआ सदस्य उपस्थित हुए। विभागीय मत्स्य पालन, मत्स्य बीज एवं विभागीय योजनाओं महुआ सदस्य आधिकारियों हारा संवर्धन, मत्स्योत्पादन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम श्रीमती संध्या कुमार सहायक मत्स्य अधिकारी ,हिमानी उईके सहायक मत्स्य अधिकारी सी. एस ठाकुर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र लखनादौन की उपस्थिति रही रहे।



### अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग, सिवनी द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर किया वृक्षारोपण

*जैसा कि ज्ञात है कि पूरे प्रदेश में ही नहीं संपूर्ण प्रदेश में पर्यावरण के पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने एवं पर्यावरण को संरक्षित करने के उददेश्य से वृक्षारोपण किया जा रहा है ताकि देश ही नहीं संपूर्ण पृथ्वी को प्रदूषित होने से बचाया जा सके साथ ही जल संरक्षण हो सके। वृक्षारोपण के इस महापर्व पर आज 10 जुलाई 2024 को अधीक्षण अभियंता सिवनी श्री एस.आर. येमदे सर द्वारा "एक पेड़ मॉं के नाम" के तहत बारापत्थर, डालडा फेक्ट्री के सामने विद्युत विभाग के परिसर में अपने जन्मदिवस के अवसर पर एक पाम का पेड़ लगाकर वृक्षारोण किया गया। वृक्षारोपण के इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता सिवनी सुभाष राय, महेश साहू कार्यपालन अभियंता, वरूण सारस्वत सहायक अभियंता पवन चैधरी, सहायक अभियंता, संदीप धुर्वे सहायक अभियंता आशीष बघेल, सहायक अभियंता, नीलेश उइके, कनिष्ठ अभियंता, संजय क्षत्री, इरफान खान, मीडिया प्रभारी सिवनी वृत्त, आनंद ताम्रकार, मनीष सोनी, ए.एस. बंजारा, सी.के. बेलिया, मनोज करोसिया, उपस्थित रहे।*

# खेल मैदान व खैरमाई मंदिर जाने से रोका, एसपी से हुई शिकायत

जिले की केवलारी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम किमाची में स्थित खैरमाई मंदिर एवं स्कूल के खेल मैदान में जाने से रोककर गाली-गालौच करने एवं देख लेने की शिकायत को लेकर ग्राम किमाची निवासी अंतलाल उइके पिता जनपद उइके 32 वर्ष द्वारा बीते दिवस पुलिय अधीक्षक से शिकायत की गई है।

शिकायत में बताया कि ग्राम के ही ओमकार सिंह, सियाराम ठाकुर एवं शिवप्रसाद ठाकुर द्वारा गांव में पूर्व में जिस मैदान में बच्चे खेल रहे थे उस जगह में फसल लगाकर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे हटाये जाने के लिए तहसीलदार केवलारी एवं सरपंच ग्राम पंचायत सुनेहरा को आवेदन दिया गया था। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि मेरे घर में हर छः माह में जवारे बोई जाती है, विसर्जन के दौरान एवं आये दिन खैरमाई मंदिर पूजा-पाठ करने जाता हूं, अन्य लोगों द्वारा भी खेल मैदान में किये गये अवैध कब्जा हटाने का आवेदन देने का उक्त तीनों लोगों के द्वारा एक मत होकर गाली-गलौच की गई और खेल मैदान में आने से मना किया गया। इतना ही नहीं अपशब्दों का प्रयोग कर खैरमाई में जाने से रोका गया। आगे बताया कि उक्त तीनों लोगों के द्वारा मेरे घर आकर आये दिन धमकी दी जा रही है और मेरे पिताजी के घर आकर कहा कि तुम भी मकान बना रहे हो जिसमें हम स्टे लगा सकते है। पुलिस अधीक्षक को दिये आवेदन में अंतलाल ने कहा है कि भविष्य में इन लोगों के द्वारा मेरे साथ मारपीट कर जान-माल को नुकसान पहुंचा सकते है। अंतलाल के द्वारा पुलिस चौकी छींदा में भी 4 जुलाई को आवेदन दिया गया था, लेकिन अपनी मर्जी से धारा 174 दर्ज कर पावती दी गई, व

### प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवनिर्मित मकान नगर पालिका से प्राप्त कर सकते हैं हितग्राही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर पालिका परिषद सिवनी अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के ए.एच.पी. घटक अंतर्गत निर्मित 116 आवास जिन हितग्राहियों को आवंटित हुए है उन्हे सूचित किया जाता है कि दिनांक 12 जुलाई 2024 को समय दोपहर 12:00 बजे ग्राम बीझावाडा में निर्मित अपने-अपने आवासों का निरीक्षण कर शेष बकाया राशि 1,80,000/- रूपये निकाय में जमा कर अपना आवास प्राप्त कर सकते है।

### जनपद शॉपिंग कॉम्पलेक्स सिवनी की नीलामी स्थगित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जनपद शॉपिंग कॉम्पलेक्स सिवनी की 38 दुकानों की नीलामी अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

# नया नियम: कॉलेज में प्रोफेसर और स्टॉफ की लगेगी ऑनलाइन हाजिरी, सेल्फी भी जरूरी

**मध्यप्रदेश के अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में भी प्राध्यापकों व अन्य स्टाफ के लिए ई-अटेंडेंस की व्यवस्था अनिवार्य कर दी गई है। अतिथि शिक्षकों को भी सार्थक ऐप के माध्यम से अपनी हाजिरी लगानी होगी।**



प्राध्यापक कक्षा में सेल्फी के साथ आने और जाने की सूचना दर्ज करेंगे। अतिरिक्त संचालक इसकी रिपोर्ट तैयार करेंगे। हाजिरी के आधार पर वेतन तैयार किया जाएगा। अभी रजिस्टर में हाजिरी अनुदान प्राप्त कॉलेजों के शिक्षकों की हाजिरी अभी रजिस्टर में हो रही है। कुछ कॉलेजों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था है, लेकिन निगरानी के लिए कोई सेंट्रलाइज्ड व्यवस्था नहीं है। इस कारण विभाग को कॉलेजों की पूरी जानकारी नहीं मिल पाती। विभाग का मानना है कि इससे प्राध्यापक और कर्मचारी समय पर आएंगे। शिक्षण कार्य सुधारेगा। ड्यूटी से गायब रहने वालों की जानकारी मिलेगी। संबंधित कॉलेज के प्राचार्य का दायित्व होगा कि वे नई व्यवस्था को जल्द लागू करें।

### व्यवस्था से इन्हें जोड़ा

शासकीय कॉलेजों के साथ अनुदान प्राप्त अशासकीय कॉलेजों को भी नई व्यवस्था से जोड़ा गया है। प्राध्यापक, जनभागीदारी शिक्षक, क्रीड़ा अधिकारी, ग्रंथपाल सहित अशैक्षणिक संवर्ग के कर्मचारियों को ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करानी होगी.

# सिवनी मेडिकल कॉलेज इंदिरा गांधी चिकित्सालय का उपयोग कर रहा है-कांग्रेस

**सिवनी,।** भाजपा झूठ और भ्रम फैलाने में माहीर हो गई है, हर बात में झूठी खबर प्रकाशित करने में इनका कोई जवाब नही है। सिवनी मेडिकल कॉलेज की मान्यता को लेकर बडे ही जोश खरोश के साथ भाजपा द्वारा विज्ञप्ति जारी की गई है कि सिवनी मेडिकल कॉलेज को एनएमसी से मान्यता प्राप्त हो गई है, यह सरासर झूठ है। सच खबर 9 जुलाई 2024 को भोपाल के प्रादेशिक अखबार ने छापा है उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि प्रदेश में इसी सत्र से 3 नये मेडिकल कॉलेज सिवनी, इंदौर और नीमच खोले जाने थे, इसके लिए बजट की राशि भी आवंटित कर दी गई। इसी बीच नेशनल मेडिकल कौंसिल (एनएमसी) ने इन तीनों मेडिकल कॉलेजो को 450 सीटो पर मान्यता देने से इंकार कर दिया है। दरअसल जून में इन तीनों मेडिकल कॉलेज, जिसमें सिवनी भी शामिल है का निरीक्षण करने एनएमसी की टीम यहॉ आई थी, तीनों मेडिकल कॉलेज में 114 फैकल्टी की जरूरत थी, लेकिन मौके पर एनएमसी को महज 30 से 35 फैकल्टी ही मिली थी। तीनों जिले में निरीक्षण के बाद टीम ने पाया कि यहॉ मेडिकल कॉलेज के हिसाब से पर्याप्त फैकल्टी नहीं है, इस कारण इन मेडिकल कॉलेजो की मान्यता को लेकर असमंजस्य की स्थिति बन गई है यह स्पष्ट हो गया है कि सिवनी मेडिकल कॉलेज को अभी एनएमसी की मान्यता प्राप्त नही हुई है। एनएमसी द्वारा सिवनी मेडिकल कॉलेज को मान्यता नही दी जाने पर अपील भी की गई है। भाजपा द्वारा जो विज्ञप्ति जारी की गई है सरासर झूठ है सिवनी के लोगो को गुमराह करने वाली है। विज्ञप्ति में कांग्रेस को सिवनी के विकास में रोक लगाने वाला बताया गया है यहॉ यह स्पष्ट करना आवश्यक होगा कि सिवनी मेडिकल कॉलेज में अभी तक अस्पताल की बिल्डिंग का कार्य प्रारंभ नही हुआ है। इसका प्रमुख कारण बजट की कमी बताया गया है। वर्तमान में सिवनी मेडिकल कॉलेज इंदिरा गांधी चिकित्सालय का उपयोग कर रहा है, यह बिल्डिंग कॉग्रेस और जन नेत्री सुश्री विमला वर्मा जी की दूरदर्शिता का परिणाम था कि आज सिवनी मेडिकल कॉलेज के लिए भी जिला चिकित्सालय लोगो को निरंतर अपनी सेवाऍ दे रहा है। विज्ञप्ति में फोर लेन पर रोक लगाने की बात कही गई है फोर लेन का कार्य 2007 में बंद किया गया था राज्य और केन्द्र में भाजपा की सत्ता रहते हुये फोर लेन प्रारंभ करने में 14 वर्षो क्यों लगे ? इसका जवाब भारतीय जनता पार्टी के पास नही है।

सिवनी मेडिकल कॉलेज के लिए डीन के साथ-साथ 30 से अधिक डाक्टरो का भी चयन किया गया है जो कि मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाऍ देंगे, जब तक मेडिकल कॉलेज में शिक्षा प्रारंभ नही हो जाती जब तक वह डाक्टर इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में अपनी सेवाऍ दे। भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि और नेताओं से निवेदन है कि इंदिरा गांधी चिकित्सालय में प्रमुख जांच उपकरण एमआरआई, सीटी स्केन, इंडोस्कोपी, सोनोग्राफी, आधुनिक एक्सरे मशीन, आपरेशन मे लगने वाले उपकरण, दवाऍ उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि हमारे जिले के लोगो को इलाज के नाम पर अन्य प्रदेश जाकर बहुत अधिक पैसा खर्च करते है उससे हमारे जिले वासियों को राहत मिले।

## खबर संक्षेप

### राहुल नायक बने किरनापुर एसडीएम

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले के राज्य प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन के आदेश जारी किए है। आदेशानुसार डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक को किरनापुर का एसडीएम बनाया गया है। साथ ही उन्हें वरिष्ठ लिपिक शाखा, सैनिक कल्याण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, किराया औचित्य प्रमाण पत्र, सार्वजनिक न्यास, वक्फ एवं अल्पसंख्यक कल्याण, देवस्थान धर्मस्य, वक्फ बोर्ड गठन व अन्य संबधित कार्यो के अलावा लोक परिसर बेदखली अधिनियम, सहायक नोडल अधिकारी हमर कोचिंग क्लासेस के दायित्व सौंपे गए है। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर श्रीमति राजनंदिनी शर्मा विभागीय जांच, शिकायत शाखा, लोक सेवा गारंटी, टीएल शाखा, सहायक अधीक्षक, सामान्य व राजस्व अभिलेखागार, अल्प बचत, मुख्य प्रतिलिपिकार, प्रेषक शाखा, सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई, महिला आयोग, मंत्री सांसद और विधायकों से प्राप्त आवेदन आदि कार्य सौंपे गए है। प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श कमलचंद सिंहसार को परसवाड़ा का एसडीएम यथावत रखते हुए परसवाड़ा के लिए सत्कार अधिकारी व कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले कार्यो की जिम्मेदारी दी गई है।

### सहकार से समृद्धि संगोष्ठी का आयोजन आज

**बालाघाट।** इफको और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा संयुक्त रूप से गुरुवार को सहकार से समृद्धि विषय पर गोंदिया रोड स्थित लॉन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। बैंक सीईओ आरसी पटले व इफको जिला प्रबंधक वैदिक अगाल ने बताया कि कलेक्टर व बैंक प्रशासक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बैंकिग कार्यो की समीक्षा, सहकारी संगोष्ठी व इफको उत्पाद को लेकर पी.सी. पाटीदार राज्य विपणन प्रबंधक इफको भोपाल, आर.के. मिश्रा डीजीएम विपणन इफको जबलपुर, अनिल बिरला क्षेत्रीय अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी से अवगत कराया जाएगा।

### पंच 'ज'अभियान के लिये वन स्टॉप सेंटर में हुआ पौधारोपण

**बालाघाट।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में पंच 'ज' अर्थात जन, जल, जानवर, जंगल और जमीन अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिला न्यायाधीश सुरेंद्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में यह पौधारोपण ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, शासकीय कार्यालयों, छात्रावास आदि स्थानों में कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में बुधवार को वन स्टॉप सेन्टर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## प्रातः 7 से 9, प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे, दोपहर 1 बजे से 3 बजे और अपरान्ह 4.30 बजे से 8.30 बजे का समय निर्धारित

# नो-एंट्री के समय लगाए जाने के लिए निजी स्कूल संचालकों को एसडीएम ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय में अब स्कूल, स्कूली समय पर नहीं बल्कि यातायात विभाग की नो-एंट्री के समय लगाए जाने के लिए निजी स्कूल संचालकों को प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम ने निर्देशित किया है। जिसकी वजह स्कूली बच्चों की सेफ्टी को बताया जा रहा है।

दरअसल मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में एसडीएम गोपाल सोनी ने पुलिस, यातायात और निजी स्कूल संचालकों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने निजी स्कूल संचालकों से नो-एंट्री के समय में शाला लगाने और छुट्टी करने के लिए समय निर्धारित करने की बात कही है।

एक जानकारी के अनुसार यातायात विभाग ने चार समय पर नो-एंट्री का समय तय किया है। जिसमें प्रातः 7 से 9, प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे, दोपहर 1 बजे से 3 बजे और अपरान्ह 4.30 बजे से 8.30 बजे का समय निर्धारित है।

प्रशासनिक अधिकारी चाहते हैं कि इस समय पर जिस प्रमुख मार्ग पर यातायात का दबाव होता है, उस मार्ग पर संचालित स्कूल संचालक, स्कूल लगने और छुट्टी होने का समय तय करें। ताकि स्कूली बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक ना हो।

बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा, नगर निरीक्षक प्रकाश वास्कले, यातायात प्रभारी आकाश शर्मा के अलावा स्कूल संचालक उपस्थित थे।

### बच्चों की सुरक्षा पर फोकस

एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि स्कूल संचालकों की बैठक लेकर हमने तय किया है कि यातायात दबाव वाले प्रमुख मार्गों पर संचालित स्कूल,



संचालक, बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर, नो-एंट्री के समय में स्कूल लगाना और छुट्टी करने का समय सुनिश्चित करें।

इसके अलावा स्कूलो में बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने में उपयोग हो रही बसों या वाहनों के फिटनेस, वाहन में जीपीएस और स्पीड गवर्नर लगाए जाए, ताकि चालक पर स्पीड में वाहन ना चलाने का दबाव हो। उन्होंने बताया कि वाहनों में स्पीड वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की जानकारी किस नंबर पर दी जाए। इसे भी वाहन में लिखवाया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी स्कूली वाहन तेज रफ्तार दौड़ेगी, उन स्कूल की बसों पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

## इस्कॉन संस्था और हिन्दू संगठन करा रहे आयोजन, लोगों से शामिल होने की अपील

# जिले में पहली बार आज निकलेगी जगन्नाथ रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



उड़ीसा के जगन्नाथपुरी में निकाली जाने वाली जगन्नाथ यात्रा के तर्ज पर जिले में पहली बार 11 जुलाई को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी।

इस्कॉन संस्था बालाघाट के संचालक रत्नभूषण दास ने बताया कि यह आयोजन, जिले में पहली बार सनातन महासभा, विहिप और हिन्दुवादी संगठनों के सहयोग किया जा रहा हैं। जिसमें उज्जैन के 5-6 ब्रम्हचर्य सहित महाराष्ट्र के गोंदिया प्रदेश के छिंदवाड़ा, नैनपुर, सिवनी से भक्तगण बालाघाट पहुंचेंगे।

रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम, बहना सुभद्रा की विग्रह (प्रतिमा) के साथ चक्र होगा। उन्होंने जिले की जनता से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होने की अपील की है।

प्रतिवर्ष जगन्नाथपुरी में भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा निकाली जाती है। जिसके बारे में बताया जाता है कि भगवान जगन्नाथ, अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ, लोगों को करूणा बरसाने, आशीर्वाद देने के लिए निकलते हैं। जिसमें बड़ी संख्या में देश सहित संपूर्ण विश्व के लोग, इस यात्रा में आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। इसी भाव के साथ जिले में इस वर्ष पहली बार इस्कॉन संस्था जगन्नाथपुरी की रथयात्रा की तर्ज पर रथयात्रा निकालने जा रही है।इस्कॉन संस्था संचालक रत्नभूषण दास ने बताया कि भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा नगर के नए श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमान चौक, महाराणा प्रताप चौक, सुभाष चौक, महावीर चौक, गुजरी चौक, काली पुतली चौक होते हुए हनुमान मंदिर पहुंचेगी। जहां भगवान जगन्नाथ जी का पूजन, महाआरती की जाएगी।भगवान को 56 भोग लगाया जाएगा और उनकी कथा का वाचन होगा। जिसके बाद भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। 11 जुलाई को शाम 4 बजे नगर के नए श्रीराम मंदिर से निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में सनातन सभा संरक्षक रमेश रंगलानी, लता एलकर, अध्यक्ष महेश खजांची और महामंत्री अभय सेठिया ने कहा कि यह पहला अवसर होगा कि जिले में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन इस्कान संस्था आयोजित करने जा रही हैं।

## 6 जनपदों की 79 पंचायतों में 3484 तालाबों में मछली पालन जारी

# जिला पंचायत अध्यक्षता में हुई सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में जिपं के सभाकक्ष में सामान्य प्रशासन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपाध्यक्ष जिला पंचायत योगेश राजा लिल्हारे सभापति श्री रामेश्वर पटेल डुलेन्द्र ठाकरे सभापति दल सिंह पन्द्रे झामसिंह नागेश्वर सभापति मंसाराम मढ़ावी सभापति महेश मरकाम सभापति एवं सीईओ जिला पंचायत श्री डी एस रणदा की प्रमुख उपस्थित में प्रारंभ की गई। अध्यक्ष सरस्वार ने अधिकारी कर्मचारियों का परिचय उपरांत अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। योजनाओं की समीक्षा उपरांत श्री दल सिंह पन्द्रे द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग के अपूर्ण निर्माण कार्यों को पूर्ण करने कहा गया एवं बजट आवंटन हेतु शासन को पत्र लेख करने कहा गया। मत्स्य अधिकारी श्रीमती पुजा रोडगे ने बताया कि जिला पंचायत अंतर्गत 6 जनपद पंचायतों में 79 एवं ग्राम पांयत में 3484 ग्रामीण तालाब जिले में उपलब्ध है। जिसमें रखरखाव एवं मत्स्य पालन किया जा रहा है।

बैठक में रामेश्वर पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री संपदा योजना में जिनका भुगतान नहीं हो पाया है। उन्हें चिन्हित कर प्रकरणों का तत्काल निराकरण कराया जाए। उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि खरीफ फसल 2.5 लाख हेक्टेयर रकबा का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि मिलेट्स क्राफ्ट फसलों के उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कोदो कुटकी का उत्पादन बैहर बिरसा परसवाड़ा के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी उत्पादन के प्रयास किये जा रहे हैं। इसके अलावा किसानों को रागी राम तिल आदि के बीज अनुदान सहित वितरण किया जा रहे हैं। धान के खेतों में रागी का उत्पादन अच्छी मात्रा में होता है तथा कृषकों को रागी की फसल लगाने प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## शहर से गायब हुए सीसीटीवी कैमरे, कैसे होगा क्राइम कंट्रोल

# चोरी कर फरार हो रहे बदमाश, नहीं हो पा रही पहचान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर में इन दिनों चोरी की वारदातों का सिलसिला एक बार फिर से शुरू हो चुका है. शहर में जब चोरी की घटना को अंजाम देकर अपराधी फरार हो जाते हैं, तो पुलिस अनुसंधान की शुरुआत इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों से करती है. मगर, पुलिस को अनुसंधान के दौरान जब यह बात पता चलती है कि उस जगह में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब है या फिर मेंटनेंस के अभाव में बंद है तो पुलिस असहज महसूस करती है. बता दें कि कटंगी शहर के अलग-अलग हिस्सों में नगर परिषद ने करीब 4 वर्ष पहले 6 लाख 30 हजार 35 रुपए की राशि खर्च कर 16 सीसीटीवी कैमरे लगाए थे. यह कैमरे ग्वालियर की जैन कम्यूनिकेशन एण्ड सर्विस सेंटर नाम की फर्म ने लगाए थे. मगर, यह सभी कैमरे महज एक साल के भीतर ही बंद हो गए. तब से लेकर आज तक सभी कैमरे बंद ही पड़े है जबकि फर्म को तीन वर्षों तक कैमरों को मेनटनेंस करना था परंतु फर्म ने एक बार कैमरों के बंद होने के बाद कभी दोबारा इनकी मरम्मत ही नहीं की. वहीं नगर परिषद कटंगी ने भी फर्म के खिलाफ कोई उचित कार्रवाई नहीं की. नगर परिषद ने जहां-जहां कैमरे लगाए थे. वह सभी कैमरे बंद हो चुके है कुछ कैमरों को नगर परिषद के द्वारा निकलवा लिया गया है. जिस कारण शहर में चोरियों की घटनाओं को अंजाम देने के बाद भी चोर बेखौफ होकर घूम रहे है।

नगर परिषद ने बस स्टैंड, गांधी चौक चौपाटी, पुराना पेट्रोल पंप चौक, अर्जुननाला सहित अन्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए थे. मगर, मेंटेनेंस नहीं होने से सीसीटीवी कैमरे महज एक साल से भी कम समय में खराब हो गए. चर्चा है कि तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों ने कमीशनखोरी के चलते बेहद घटिया क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगावाएं. जिस कारण चंद महीनों में ही कैमरे खराब हो गए. जिसके बाद कई बार नगर परिषद का इन कैमरों की मरम्मत करवाने की मांग की गई. ताकि शहर में होने वाली गतिविधियों पर नजर बनाकर रख सके. बीते दिनों शांति समिति की बैठक में शहर के ऐसे स्थान जहां पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी नहीं हो पा रही है, ऐसे स्थानों पर जल्द ही कैमरे लगाने का काम करवाने पर चर्चा हुई थी. नगर परिषद ने भी प्रस्ताव तैयार कर कैमरों की खरीदी की बात कहीं थी. लेकिन यह मामला अब तक ठंडे बस्ते में है. जबकि शहर के भीतर कई वारदातों में अपराधी चौराहों, बाजारों से होकर गुजरते है जिन्हें दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कई बार देखा भी जाता है किंतु कैमरा क्वालिटी ठीक नहीं होने से पहचान नहीं हो पाती।

# जल जीवन मिशन की पूर्ण योजनाएँ पंचायतों को हैण्डओवर करने पर समान्य सभा ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वारासिवनी विधायक विवेक पटेल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत योगेश राजा लिल्हारे एवं सदस्यगण बालाघाट सिवनी सांसद प्रतिनिधि हीराचंद आसटकर, बालाघाट विधायक प्रतिनिधि प्रशांत मोहारे, विधायक परसवाड़ा प्रतिनिधि श्री देवेंद्र मोहारे तथा सीईओ जिला पंचायत श्री डी एस रणदा की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में बिंदुवार विषयो पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर कार्यवाही समय सीमा में किये जाने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग द्वारा दी गई जानकारी पर सदस्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर विद्युत आपूर्ति किए जाने हेतु ध्यान आकर्षित कराया गया। जिन ग्रामों में विद्युत आपूर्ति में दिक्कत आ रही है उसके निराकरण के लिए तुरंत उपाय किए जाने की आवश्यकता है। सदस्यों द्वारा बताया गया कि ट्रांसफार्मर कम वोल्टेज विद्युत लाइनों की ज्यादातर समस्याओं का ग्रामीणों को सामना करना पड़ रहा है। जिस पर विभाग द्वारा निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें जो योजनाएं पूर्ण हो गई है उनका पंचायत को हैंडओवर किए जाने पर चर्चा की गई नल जल योजना में आ रही समस्याओं के निराकरण किये जाने के संबंध में निर्देश दिए गए जिला पंचायत सदस्यों द्वारा कहा गया की नल जल योजना के उद्देश्य की पूर्ति होना चाहिए हर घर में जल पहुंचना चाहिए पुराने हैंडपंपों का मरम्मतीकरण सुधार कार्य समय सीमा में हो जंहा आंगनबाड़ी भवन नही है उसकी महिला बाल विकास विभाग सूची तैयार कर शासन को प्रेषित करें। आंगनबाड़ियों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान जिला खनिज अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में स्थित 212 खदानें हैं जिसमें कॉपर आयरन बॉक्साइट डोलोमाइट मैंगनीज लाइमस्टोन और रेत की खदाने शामिल है। इन खदानों से जिससे शासन को लगभग 200 करोड रुपए का राजस्व प्राप्त होता है। पंचायत सदस्यों द्वारा खनिज अधिकारी को बताया गया कि नदियों से अवैध रेत उत्खनन पर त्वरित कार्यवाही की जावे एवं इस बात का भी ध्यान रखें की रेत खनन करते समय वृक्षों को नुकसान न पहुंचाया जाए।

महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा में बताया गया कि लाडली लक्ष्मी एवं लाडली बहना योजना की राशि समय पर हितग्राहियों के खाते में पहुंचाई जा रही है। नए आंगनबाड़ी भवनों के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे गए हैं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में संचालित गतिविधियों एवं विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी से सामान्य सभा को अवगत कराया गया। सदस्यों द्वारा विभाग के अधिकारियों से कहा गया। की स्व सहायता समूह सीएलएफ के अध्यक्ष सचिव के निर्वाचन की प्रक्रिया समय-समय पर होनी चाहिए। एक ही समूह को कई प्रकार की गतिविधियों में नहीं जोड़ा जाना चाहिए जिससे पृथक पृथक समूह को योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक के आखिर मे जल गंगा अभियान अन्तर्गत किये गए महत्वपूर्ण कार्यो जैसे पौधरोपण कुए बावड़ियों तालाबो नदियों की साफ सफाई बोरी बधान हैण्डपम्पों में सोखता गड्ढो का निर्माण आदि जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यो का प्रस्तुतीकरण किया गया।

## सबसे बड़ी बेटी 22 साल की; सरकारी आदेश बना नसबंदी की राह में अड़चन

# 35 वर्षीया बैगा महिला ने 10 वें बच्चे को दिया जन्म दिया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट में एक महिला ने सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात 10वें बच्चे को जन्म दिया। महिला की उम्र अभी सिर्फ 35 साल है जबकि उसकी बड़ी बेटी 22 साल की है। यानी महिला जब पहली बार मां बनी थी, तब उसकी उम्र महज 13 साल की थी।

जुगतीबाई पति अकलु सिंह मरावी मोहगांव में रहती है। सोमवार को प्रसव पीड़ा होने पर उसे आशा कार्यकर्ता और परिजन स्थानीय बिरसा अस्पताल लेकर गए थे। यहां शिशु का हाथ गर्भ के बाहर निकल गया था। ऐसे में उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां रात में सीजेरियन प्रसव के बाद महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया।

ऑपरेशन करने वाली डॉ. अर्चना लिल्हारे ने बताया कि जब महिला को अस्पताल लाया गया, तब केस क्रिटिकल हो गया था। बच्चादानी निकालकर ही ऑपरेशन संभव था। इसमें खून ज्यादा बहने का खतरा था। बच्चे और महिला दोनों के जीवन को नुकसान पहुंच सकता था। पूरी सतर्कता के साथ ऑपरेशन शुरू किया। बिना बच्चादानी निकाले प्रसव हो गया। अब जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

जिला अस्पताल के डॉक्टर्स का कहना है कि एक समय ये नॉर्मल बात थी लेकिन करीब तीन दशक के दरमियान 10वीं बार मां बनते किसी महिला को नहीं देखा। इसके बाद भी महिला या उसके पति की नसबंदी नहीं की जा सकती।

### बैगा समुदाय होने की वजह से नहीं की नसबंदी



डॉ. अर्चना लिल्हारे ने बताया कि महिला बैगा आदिवासी समुदाय की है। सरकार के आदेश हैं कि इनको संरक्षित किया जाए इसलिए हमने जुगतीबाई की नसबंदी नहीं की। उसे खुराक सही रखने और बच्चों का ध्यान कैसे रखना है, इस बारे में जानकारी दी है।

2001 की जनसंख्या के अनुसार, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों में मिलाकर सिर्फ 7 लाख 85 हजार 320 बैगा बचे हैं। देश में ये आंकड़ा 30 लाख से भी कम है। सरकारी प्रावधानों के मुताबिक, ऐसी जनजाति के महिला या पुरुष की नसबंदी तभी हो सकती है, जब जनजाति का वह व्यक्ति खुद आग्रह करे। लिखित आवेदन दे और कलेक्टर इस पर अपनी सहमति की मुहर लगाए।

### सिविल सर्जन बोले- 30 साल में ये पहला मामला

सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि वे जिला अस्पताल में 30 साल से पदस्थ हैं लेकिन अब तक किसी महिला के दसवें प्रसव का कोई मामला नहीं आया। यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला है। यह अच्छा है कि मां-बेटे दोनों सुरक्षित हैं।

### परिवार बेहद गरीब, तीन बच्चों की मौत हो चुकी

आशा कार्यकर्ता रेखा कटरे ने बताया कि जुगतीबाई की बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। उसके बाद एक बेटा 13 साल, एक 9 साल, एक बेटी 8 साल, एक बेटा 6 साल, एक बेटा 3 साल का है। दूसरे, सातवें और आठवें बेटे की प्रसव के बाद दो से तीन माह में ही मौत हो गई थी।

रेखा ने बताया कि महिला का परिवार बेहद गरीब है। अस्पताल आते वक्त पांच बच्चों को पड़ोसी के घर छोड़कर आए हैं। एक बेटी साथ आई है।

वहीं, जुगतीबाई ने कहा कि उसके पास ऐसा कोई प्रमाणिक दस्तावेज भी नहीं है, जिसके आधार पर उसे सरकार की किसी योजना का लाभ मिल सके।

### सरकार को ध्यान देने की जरूरत : आदिवासी परिषद

आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने कहा, 'मेरी जानकारी के मुताबिक, समाज का यह मामला पहला है। सरकार के फैमिली प्लानिंग डिपार्टमेंट को इस विषय में अधिक काम करने की आवश्यकता है। यदि संरक्षित जनजाति है तो उन्हें बढ़ाया और संरक्षित किया जाना जरूरी है लेकिन विवाह की उम्र और स्वास्थ्य का ध्यान देते हुए ये काम होना चाहिए।'

# जबलपुर संभागायुक्त ने शासन की प्राथमिकताओं पर कार्य करने के लिए कलेक्टर्स को किया अलर्ट




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जबलपुर संभागायुक्त अभय वर्मा ने बुधवार शाम को सम्भाग के समस्त कलेक्टर्स के साथ वीसी के माध्यम से शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यो पर जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले वार कलेक्टर्स से चर्चा करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाने और पेंडिंग तथा पेंडिंग कार्ड बनाने में आ रही समस्याओ की जानकारी ली। उन्होंने मिलावट से मुक्ति अभियान के लिए जांच टेस्टिंग कार्यो की भी समीक्षा की। साथ ही संभागायुक्त वर्मा ने जिलो से कहा कि कक्षा 10 वी और 12 वी की परीक्षाओं में गत वर्ष के मुकाबले रिजल्ट डाउन हुआ है तो जिम्मेदारों पर कार्यवाही करें। इसके अलावा उन्होंने शासन द्वारा शासकीय कार्यालयों के संचालन के लिए जारी समयावधि का पालन कराने के निर्देश दिए है। जिलों में बारिश के दौरान अलर्ट होने के भी निर्देश दिए है। बैठक में बालाघाट कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले से सम्बंधित जानकारियां दी। वीसी में डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कोल, नपा सीएमओ श्री निशांत श्रीवास्तव उपस्थित रहे।